# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा जिला बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी श्री बद्रीनारायण विश्नोई, आर.ए.एस)

राजस्व आवेदन सं. 231/2024

अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956

| प्रार्थी | बनाम | विप्रार्थी |
|---|---|---|
| 1. रामलाल पुत्र जगराम जाति विश्नोई निवासी सोनड़ी तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर। | | 1. तहसीलदार सेड़वा। |

उपस्थित :प्रार्थी वकील–श्री श्रीराम विश्नोई

–: निर्णय :–

दिनांक 06.05.2025

प्रार्थी रामलाल पुत्र जगराम जाति विश्नोई निवासी सोनड़ी तहसील सेड़वा जिला बाड़मेर द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 का संक्षेप में सार इस प्रकार है कि प्रार्थी का खातेदारी खेत मौजा सोनड़ी पटवार क्षेत्र सोनड़ी भू. अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र सोनड़ी तहसील सेड़वा में प्रार्थी का खेत खसरा संख्या 1218/1215 रकबा 0.9570 हैक्टेयर (मूल खसरा संख्या 215) किस्म बारानी दोयम का आया हुआ है। मौजा सोनड़ी पटवार क्षेत्र सोनड़ी भू–अभिलेख निरीक्षक क्षेत्र सोनड़ी तहसील सेड़वा में प्रार्थीगण का खेत खसरा संख्या 1218/1215 रकबा 0.9570 हैक्टेयर (मूल खसरा संख्या 215) किस्म बारानी दोयम में से प्रार्थी के पिता जगराम पुत्र फुलाराम द्वारा दिनांक 31.08.2012 रकबा 0.15 बीघा भूमि का राज्य सरकार के पक्ष में रास्ते हेतु समर्पण किया था, जिसका नामांतरकरण संख्या 1668 दिनांक 26.07.2024 को श्रीमान तहसीलदार सेड़वा द्वारा पारित किया गया। नामान्तरकरण पारित होने के बाद समर्पण भूमि खसरा संख्या 1213/215 रकबा 0.0405 हैक्टेयर एवं खसरा संख्या 1218/1215 रकबा 0.9570 हैक्टेयर राजस्व रेकर्ड में दर्ज है। खसरा संख्या 1218/1215 रकबा 0.9570 हैक्टेयर (मूल खसरा संख्या 215) में से राज्य सरकार के पक्ष में समर्पण भूमि खसरा संख्या 1214/215 रकबा 0.0809 हैक्टेयर एवं खसरा संख्या 1213/215 रकबा 0.0405 हैक्टेयर की तरमीम करते समय भूल वश दूसरी जगह कर दी गई, जो मौके पर रास्ता दूसरी जगह पर चालू है। जहां पर समर्पण भूमि की तरमीम हुई है, उस स्थान पर प्रार्थीगण के बोरवैल, चारबाड़ा इत्यादि बने हुए है। प्रार्थी उक्त [illegible] भूमि खसरा संख्या 1214/215 रकबा 0.0809 हैक्टेयर एवं खसरा संख्या 1213/215 रकबा 0.0405 हैक्टेयर को वर्तमान में

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:16:25 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

चल रहे चालू रास्ते के स्थान पर परिवर्तन करवाना चाहते हैं, जो आपसी भाईयों के बाहमी बंटवाड़ा के अनुसार वर्तमान में कई वर्षों से चालू है। उक्त रास्ता कई वर्षों से नवीन खसरा संख्या 1218/1215 रकबा 0.9570 हैक्टेयर (मूल खसरा संख्या 215) में से चल रहा है तथा वर्तमान में भी आवागमन चालू है जबकि समर्पण भूमि की तरमीम मौके पर चल रहे रास्ते से भिन्न स्थान पर है उस स्थान पर बोरवैल, चारबाड़ा बने हुए हैं। इसलिए उस रास्ते की समर्पण भूमि की तरमीम मौके पर चालू रास्ते के स्थान पर दुरुस्त करवाना आवश्यक है। जिस हेतु यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत है। आवेदन के साथ संलग्न परिशिष्ट 'अ' में जो भूमि बरंग केसरिया के रूप में दर्शाई गई हैं, वहां वर्तमान में रास्ते की तरमीम की हुई है एंव बरंग लाल दशाई गई हैं, वहां वर्तमान में रास्ता चल रहा है एवं परिशिष्ट 'अ' के अनुसार प्रार्थीगण तरमीम दुरुस्त करवाना चाहते है, जिस हेतु आवेदन वास्ते तरमीम दुरुस्ती का प्रस्तुत है। परिशिष्ट 'अ' को आवेदन का अभिन्न अंग समझा जावें। अतः सक्षम तरमीम दुरुस्ती का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि प्रार्थीगण के खातेदारी खेत खसरा संख्या 1218/1215 रकबा 0.9570 हैक्टेयर(मूल खसरा संख्या 215) किस्म बारानी दोयम में से रास्ता हेतु समर्पण भूमि खसरा संख्या 1214/215 रकबा 0.0809 हैक्टेयर एवं खसरा संख्या 1213/215 रकबा 0.0405 हैक्टैयर की नक्शा में पूर्व में की गई तरमीम को खारिज कर मौके पर चल रहे रास्ते व संलग्न परिशिष्ट 'अ' में दर्शाए अनुसार दुरुस्त करवाने का आदेश फरमाया जावें।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर विप्रार्थी को नोटिस तलब किए। हस्तगत प्रकरण में विप्रार्थी तहसीलदार सेड़वा से न्यायालय के आदेश क्रमांक रीडर/2024/1360 दिनांक 06.09.2024 द्वारा तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन के लिए लिखा गया। कार्यालय तहसीलदार सेड़वा के पत्रांकः भू.अ./2024/3181 दिनांक 23.10.2024 द्वारा न्यायालय को तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ, जिसे शामिल पत्रावली किया गया। मुताबिक तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन "ग्राम सोनड़ी के खसरा संख्या 1215/215 (मूल खसरा 215) रकबा 3.8283 हैक्टेयर किस्म बारानी दोयम के खातेदारान ने खसरा संख्या 1214/215 रकबा 0.0809 हैक्टेयर रास्ते हेतु राजस्थान सरकार के पक्ष में समर्पण भूमि की तरमीम संशोधन मौके पर चल रहे रास्ते अनुसार करवानी चाही है। चूंकि मूल खसरा संख्या 1215/215 रकबा 3.8283 हैक्टेयर के खातेदारान ने आपसी सहमति से भूमि विभाजन करवाने पर वर्तमान खसरा संख्या 1218/1215 रकबा 0.9570 हैक्टेयर किस्म बारानी दोयम रामलाल पुत्र जगराम जाति विश्नोई के नाम दर्ज हुई तथा खसरा नंबर 1214/215 रकबा 0.0809 हैक्टेयर रास्ते हेतु समर्पण भूमि की तरमीम भूमि समर्पण आदेश अनुसार की गई, लेकिन उक्त स्थान पर किसी प्रकार का रास्ता नहीं चल रहा है। ... संख्या 1214/215 के शुरूआत बिन्दु पर एक पक्का झोंपा एवं बाड़ा बना हुआ ... ग्राम सोनड़ी के वर्तमान खसरा संख्या

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:16:25 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

1218/215 रकबा 0.9570 हैक्टेयर किस्म बारानी दोयम के खातेदार रामलाल पुत्र जगराम जाति विश्नोई ने खसरा संख्या 1214/215 रकबा 0.0809 हैक्टेयर भूमि की तरमीम वर्तमान में मौके पर चल रहे रास्ते जिसे संलग्न नक्शे में बरंग लाल से दर्शाए अनुसार प्रतिस्थापित करवाने हेतु सहमति प्रदान की है। अतः ग्राम सोनड़ी के खसरा संख्या 1214/215 रकबा 0.0809 हैक्टेयर किस्म बारानी दोयम की तरमीम वर्तमान में मौके पर चल रहे रास्ते जिसे संलग्न नक्शे में बरंग लाल प्रस्तावित किया है, अनुसार तरमीम शुद्ध (प्रतिस्थापित) की जानी उचित है। उक्त खसरा संख्या 1214/215 की तरमीम शुद्ध करने हेतु खसरा संख्या 1218/1215 के खातेदार श्री रामलाल पुत्र जगराम ने सहमति प्रदान कर इस फर्द मौके पर हस्ताक्षर किए। फर्द मौका पढकर सुनाई गई, सही होना स्वीकार कर हस्ताक्षर/अंगुष्ठ निशान किए।

प्रार्थी वकील उपस्थित। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों तथा सक्षम दस्तावेजी साक्ष्यों पर प्रार्थी के अधिवक्ता ने बहस की। प्रार्थी अधिवक्ता की बहस पर न्यायालय द्वारा स्वस्थ चित्त से मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्यों तथा सक्षम दस्तावेजी साक्ष्यों पर न्यायालय द्वारा युक्तियुक्त चिन्तन, मनन तथा विचारण उपरांत, प्रार्थी का प्रार्थना पत्र 231/2024 उनवान रामलाल बनाम तहसीलदार सेड़वा अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956 के तहत स्वीकार योग्य प्रतीत होता है।

अतः मुताबिक तहसीलदार सेड़वा के कार्यालय पत्र क्रमांकः भू.अ./2024/3181 दिनांक 23.10.2024 द्वारा प्राप्त तथ्यात्मक जांच/मौका प्रतिवेदन मौजा सोनड़ी पटवार क्षेत्र सोनड़ी भू अ. निरीक्षक क्षेत्र सोनड़ी तहसील सेड़वा में खसरा संख्या 1218/1215 रकबा 0.9570 हैक्टेयर (मूल खसरा संख्या 215) किस्म बारानी दोयम, खसरा संख्या 1214/215 रकबा 0.0809 हैक्टेयर भूमि मौका फर्द के संलग्न दर्शित नक्शे अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में तरमीम दुरुस्ती करने का आदेश दिया जाता हैं। तहसीलदार सेड़वा से प्राप्त तथ्यात्मक मौका जांच प्रतिवेदन(पत्रांकः भू.अ./2024/3181 दिनांक 23.10.2024 के संलग्न मौका जांच प्रतिवेदन दिनांक 01.10.2024, नक्शा व जमाबंदी अभिलेख आदि) निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा। तहसीलदार सेड़वा को आदेशित किया जाता है कि वह तद्नुसार राजस्व रिकॉर्ड मेंअमलदरामद करें। तहरीर जारी हो। पत्रावली संख्या से कम होकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 06.05.2025 को खुले इजलास में सुनाया गया।

(SDO) सेड़वा

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:16:25 IST
Reason: SelfAttested

(बद्रीनारायण, आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी सेड़वा
उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

दायरा ... खसरा ... की ... संलग्न हैक्टेयर प्रदान ... संलग्न ... रकबा 0.0809 ... खातेदार
कर इस ... संख्या ... जानी उचित ... नक्शे में ... किस्म ... की है। नक्शे में हैक्टे...
कर ... फर्द ... 12...

## फर्द मौका

आज दिनांक 01-10-2024 को श्रीमान तहसीलदार सेड़वा के आदेश क्रमांक/मु/2926-2927 दि० 17-09-24 एवं माननीय न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सेड़वा के राजस्व आवेदन संख्या 231/2024 अन्वान रामलाल वगैरह बनाम तहसीलदार सेड़वा अन्तर्गत 131,136 RLR एक्ट में तरमीम दुरस्ती हेतु तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार करने पटवारी हल्का सोनड़ी के साथ मौके पर आया।

ग्राम सोनड़ी के खसरा संख्या 1215/215 (मूल खसरा 215) रकबा 3.8283 है० किस्म बारानी के खातेदारान ने खसरा संख्या 1214/215 रकबा 0-0809 है० रास्ते हेतु राजस्थान सरकार के हित में समर्पित भूमि की तरमीम संशोधन मौके पर चल रहे रास्ते अनुसार करवानी चाही है चूंकि मूल खसरा संख्या 1215/215 रकबा 3.8283 है० के खातेदारान ने आपसी सहमति से भूमि विभाजन करवाने पर वर्तमान खसरा संख्या 1218/1215 रकबा 0.9570 है० किस्म बारानी रामलाल पुत्र जगराम जाति विश्नोई के नाम दर्ज हुई तथा ख०न० ख० 1214/215 रकबा 0-0809 है० रास्ते हेतु समर्पित भूमि की तरमीम भूमि समर्पण आदेश अनुसार की गई लेकिन उक्त स्थान पर किसी प्रकार का रास्ता नहीं चल रहा है। उक्त खसरा संख्या 1214/215 के शुरुआत बिन्दु पर एक पक्का मकान एवं बाड़ा बना हुआ है।

ग्राम सोनड़ी के वर्तमान खसरा संख्या 1218/1215 रकबा 0.9570 है० किस्म बारानी के खातेदार रामलाल पुत्र जगराम जाति विश्नोई ने खसरा संख्या 1214/215 रकबा 0-0809 है० भूमि की तरमीम वर्तमान में मौके पर चल रहे रास्ते जिसे संलग्न नक्शे में लाल रंग से दर्शित अनुसार प्रतिस्थापित करवाने हेतु सहमति प्रदान की है।

अतः ग्राम सोनड़ी के खसरा संख्या 1214/215 रकबा 0-0809 है० किस्म बारानी की तरमीम वर्तमान में मौके पर चल रहे रास्ते जिसे संलग्न नक्शे में लाल रंग से प्रस्तावित किया है, अनुसार तरमीम शुद्ध (प्रतिस्थापित) की जानी उचित है। उक्त खसरा संख्या 1214/215 की तरमीम शुद्ध करने हेतु खसरा संख्या 1218/1215 के खातेदार श्री रामलाल पुत्र जगराम ने सहमति प्रदान कर इस फर्द मौका पर हस्ताक्षर किये।

फर्द मौका पढ़कर सुनाई गई सही होना स्वीकार कर हस्ताक्षर / अंगूठा निशान किये।

प्रदर्श कोर्ट

उपखण्ड अधिकारी (SDO) सेड़वा

1/X/2024 प० सोनड़ी

रामलाल

सोमासिंह

01/10/24 ILR सोनड़ी

Signature Not Verified
Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:16:25 IST
Reason: SelfAttested

तहसीलदार (भू.अ.) सेड़वा

**राजस्थान सरकार**

**NIC-BHUNAKSHA**

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

दिनांक : 01/10/2024 09:38:42 AM


जिला : बाड़मेर

तहसील : सेड़वा

भू. अ. नि. क्षेत्र : सोनड़ी

पटवारी हल्का : सोनड़ी

ग्राम : सोनड़ी




खसरा संख्या : 1218/1215 क्षेत्रफल : 0.9570 Hectare खाता संख्या : 105पुराना खाता संख्या : 27

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: बा.दोयम [ 0.9570, 0.36 ]

1.) रामलाल पुत्र जगराम हिस्सा- पूर्ण जाति- विश्नोई सा. देह खातेदार

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

उपखण्ड अधिकारी सेड़वा

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।

२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।

३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें। ULPIN no : null

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:16:25 IST
Reason: SelfAttested

तहसीलदार (भू.अ.) सेड़वा

2. किस्म मुकदमा -

वर्तमान में मौके पर ... विश्नोई ने खसरा संख्या ... रकबा 0.9570 हैक्टेयर किस्म ... आवेदन संख्या 231/2... प्रतिस्थापित ... 1214 ...

राजस्थान सरकार

NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

दिनांक : 01/10/2024 12:43:04 PM


जिला : बाड़मेर

तहसील : सेड़वा

भू. अ. नि. क्षेत्र : सोनड़ी

पटवारी हल्का : सोनड़ी

ग्राम : सोनडी




खसरा संख्या :1214/215 क्षेत्रफल : 0.0809 Hectare खाता संख्या : 1पुराना खाता संख्या : 26

भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: बा.दोयम [ 0.0809, 0.03 ]

राज. सरकार

01/10/24

ILR सोनड़ी

रामलाल नारायण

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।

२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया ...

३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय ... ULPIN no : null

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:16:25 IST
Reason: SelfAttested

पटवारी प० सोनडी

तहसीलदार (भू.अ.) सेडवा

राजस्थान सरकार

NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि)

दिनांक : 01/10/2024 12:43:04 PM


जिला : बाड़मेर

तहसील : सेड़वा

भू. अ. नि. क्षेत्र : सोनड़ी

ारी हल्का : सोनड़ी

ग्राम : सोनड़ी




खसरा संख्या :1214/215 क्षेत्रफल : 0.0809 Hectare खाता संख्या : 1पुराना खाता संख्या :26
भूमि किस्म[क्षेत्रफल लगान ]: बा.दोयम [ 0.0809, 0.03 ]
राज. सरकार

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।
२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।
३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें। ULPIN no : null

Signature Not Verified

Digitally signed by Badrinarayan
Date: 2025.06.05 14:16:25 IST
Reason: SelfAttested